**बिहार सरकार**

**ग्रामीण विकास विभाग**

पत्रांक 5124592 पटना, दिनांक 29/01/26

ग्रा0वि0-15-(स्वच्छता)-01/2023

सेवा में,

**महालेखाकार,**

बिहार, पटना ।

**विषय :-** **वित्तीय वर्ष 2025-26 में "स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)" अन्तर्गत 2046.27 लाख (बीस करोड़ छियालीस लाख सताईस हजार) रूपये का** mother sanction **एवं व्यय की स्वीकृति ।**

आदेश - स्वीकृत ।

2. केन्द्र प्रायोजित योजना "स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)" अन्तर्गत सभी बी.पी.एल. परिवारों तथा चिन्हित श्रेणी के ए.पी.एल. परिवारों यथा: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, वासभूमि के साथ भूमिहीन मजदूर, लघु एवं सीमांत किसान, महिला प्रधान परिवार एवं शारीरिक रूप से विकलांग को घरेलू शौचालय के उपयोग एवं हाथ धोने हेतु जल संधारण की व्यवस्था के साथ घरेलू शौचालय के निर्माण हेतु केन्द्रांश मद में रू0 7200/- तथा राज्यांश मद में रू0 4800/- अर्थात कुल रू0 12000/- प्रोत्साहन राशि दिये जाने एवं 'सम्पूर्ण स्वच्छता' प्राप्त करने हेतु ODF Status बनाये रखने एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन लागू किये जाने का प्रावधान है ।

3. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक S-12011/15/2025-SBM-I-DDWS दिनांक 08.12.2025 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत mother sanction के रूप में 27000.00 लाख (दो अरब सत्तर करोड़) रूपये निम्नानुसार प्राप्त हुआ है (राशि लाख रूपये में) –

| **क्रम** | **घटक** | **केन्द्रांश** |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 20845.66 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 5848.58 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 305.76 |
| **कुल** | | **27000.00** |

4. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत mother sanction के रूप में भारत सरकार से प्राप्त राशि 27000.00 लाख रूपये के आनुपातिक (60:40) देय राज्यांश की राशि निम्नवत है (राशि लाख रूपये में) :-

| **क्रम** | **घटक** | **केन्द्रांश** | **आनुपातिक देय राज्यांश** |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 20845.66 | 13897.11 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 5848.58 | 3899.05 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 305.76 | 203.84 |
| कुल | | 27000.00 | 18000.00 |

5. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पटना के पत्रांक BRLPS/LSBA/Admin/ 251/25/979 दिनांक 13.01.2026 के आलोक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत mother sanction के रूप में भारत सरकार से प्राप्त राशि 27000.00 लाख रूपये एवं आनुपातिक राज्यांश की राशि 18000.00 लाख रूपये अर्थात कुल 45000.00 लाख (चार अरब पचास करोड़) रूपये में से तत्काल केन्द्रांश एवं राज्यांश की निम्नवत राशि का mother sanction एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है (राशि लाख रूपये में) :-

| क्रम | घटक | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 1227.75 | 818.52 | 2046.27 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 00 | 00 | 00 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 00 | 00 | 00 |
| **कुल** | | **1227.75** | **818.52** | **2046.27** |

6. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पटना के पत्रांक BRLPS/LSBA/Admin/ 251/25/979 दिनांक 13.01.2026 के आलोक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत mother sanction के रूप में केन्द्रांश एवं राज्यांश की कुल राशि 2046.27 लाख रूपये के mother sanction एवं व्यय हेतु उपलब्ध कराई गई विवरणी के अनुसार राज्य एवं जिला स्तर के Implementing Agency को mother sanction एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जा रही है (संलग्न) ।

7. वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत SNA-SPARSH के तहत mother sanction एवं व्यय हेतु स्वीकृत राशि 2046.27 लाख रूपये से संबंधित बजट शीर्ष एवं राशि की विवरणी निम्नवत है (राशि लाख रूपये में) :-

| क्र.स. | बजट शीर्ष | | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| **केन्द्रांश** | | | |
| 1. | मुख्य शीर्ष-2215-जलपूर्ति तथा सफाई, उप मुख्य शीर्ष-02-मल-जल तथा सफाई, लघु शीर्ष-105-सफाई सेवाएं, उप शीर्ष-0202- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विपत्र कोड 42-2215021050202 | विषय शीर्ष-3104-सहायक अनुदान- वेतन आदि | 945.80 |
| | | विषय शीर्ष-3105-सहायक अनुदान- परिसंपतियों के निर्माण | 369.77 |
| | | विषय शीर्ष-3106-सहायक अनुदान-गैर वेतन-प्रशिक्षण, सूचना एवं संचार आदि | 730.70 |
| | | कुल | 2046.27 |

8. वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक F.N.1(27)PFMS/2020 दिनांक 13.07.2023 एवं समय-समय पर निर्गत निदेश के आलोक में राशि का व्यय/हस्तांतरण सुनिश्चित किया जायेगा।

9. अवर सचिव-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत राशि को CFMS के माध्यम से राज्य एवं जिला स्तर के Implementing Agency को mother sanction उपलब्ध कराई जायेगी।

10. स्वीकृत राशि का व्यय/हस्तांतरण संबंधित Implementing Agency के माध्यम से मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं उप विकास आयुक्त द्वारा किया जायेगा।

11. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

12. प्रस्ताव एवं प्रारूप में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**अनुलग्नक :- यथोक्त।**

विश्वासभाजन

29/1/26

(रवि कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 5124592 पटना, दिनांक 29/01/26

प्रतिलिपि:- सभी जिला पदाधिकारी/सभी उप विकास आयुक्त/सभी कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/1/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 5124592 पटना, दिनांक 29/01/26

प्रतिलिपि:- अवर सचिव-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, एवं CFMS Team को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/1/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 5124592 पटना, दिनांक 29/01/26

प्रतिलिपि:- वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जीविका / आई०टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेत) / विभागीय लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/1/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 5124592 पटना, दिनांक 29/01/26

प्रतिलिपिः- प्रधान सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

29/1/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 5124592 पटना, दिनांक 29/01/26

प्रतिलिपिः- माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

29/1/26

सरकार के संयुक्त सचिव

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक : BRLPS/LSBA/Admn/251/25/979 दिनांक : 13/01/2026

प्रेषक,

**राजेश कुमार,** बि०प्र०से०
विशेष कार्य पदाधिकारी-सह -राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**रेणु कुमारी**
विशेष कार्य पदाधिकारी,
ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार, पटना ।

विषय : **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के SNA-SPARSH Module अंतर्गत 2nd Tranche of Mother Sanction की आवंटित केन्द्रांश एवं इसके समानुपातिक राज्यांश की राशि का विभिन्न विषय शीर्ष में राज्य एवं जिला स्तर पर प्रावधान करने के संबंध में।**

प्रसंग : कार्यालय पत्रांक: BRLPS/LSBA/Acct/109/23 Vol-II/857 दिनांक: 09.12.2025 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक: S-12011/15/2025-SBM-I-DDWS दिनांक : 08.12.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केन्द्रांश 2nd Tranche of Mother Sanction आवंटन के समानुपातिक राज्यांश आवंटन आलोक में कुल 45000.00 लाख रूपये स्वीकृत / आवंटित किया गया है। इस स्वीकृत / आवंटित राशि के आलोक में विभिन्न विषय शीर्ष यथा सहायक अनुदान- वेतन आदि (3104), सहायक अनुदान- गैर वेतन - प्रशिक्षण, सूचना एवं संचार आदि (3106) एवं सहायक अनुदान- परिसंपत्तियों के निर्माण (3105) में राज्य एवं जिला स्तर पर राशि का प्रावधान किया जाना है।

उपरोक्त के आलोक में विभिन्न विषय शीर्ष यथा सहायक अनुदान- वेतन आदि (3104), सहायक अनुदान- गैर वेतन - प्रशिक्षण, सूचना एवं संचार आदि (3106) एवं सहायक अनुदान- परिसंपत्तियों के निर्माण (3105) में प्रावधान करने हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर कुल प्रावधानित राशि 2046.27 लाख रूपये की सूची संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अत: उक्त के आलोक में राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न विषय शीर्ष में राशि का प्रावधान किया जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन
(राजेश कुमार)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA/Admn/251/25/979 दिनांक: 13/01/2026

प्रतिलिपि : श्री अजय कुमार ठाकुर, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ।
प्रतिलिपि : श्री प्रमोद राम, अवर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग,बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ।

(राजेश कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी-सह -राज्य समन्वयक

